तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 13 मई 2024
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

4 निगमकर्मियों पर हमले के लिए भीड़ को उकसाया, फिर की मारपीट



प्रवेश सूचना
BMLT (3 years) | DMLT (2 years)
DXRT (3 years) | O.T. (1 years)
D.Pharma (2 years) | Ophthalmic ass. (2 years)
साथ इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस
अम्बिकापुर 7440435000
रायपुर 7440434000

## खबर संक्षेप

### सरगुजा पुलिस ने 141 प्रकरण में वसूला 83 हजार का चालान

**अंबिकापुर।** यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ कार्रवाई का सिलसिला जारी है। सरगुजा पुलिस द्वारा शनिवार को 6 प्वाइंट पर 50 से अधिक पुलिस अधिकारी कर्मचारियों को तैनात कर कार्रवाई की है। शहर के बिलासपुर चौक, भारत माता चौक, लरंग साय चौक, गांधी चौक, अंबेडकर चौक, देव होटल तिराहा पर कार्रवाई के दौरान कुल 141 प्रकरण दर्ज कर 83 हजार रुपए का समन शुल्क वसूल किया गया। कार्रवाई के दौरान वाहन चलाते समय मोबाइल फोन से बात करने वाले 14 वाहन चालकों से 42 सौ रुपए, वाहनों के दस्तावेज प्रस्तुत नहीं पर 24 वाहन चालकों से 72 सौ रुपए, असंवैधानिक पार्किंग के मामले में 3 प्रकरण दर्ज कर 11 सौ रुपए, दोपहिया वाहन में तीन सवारी चलने पर 7 प्रकरण दर्ज कर 35 सौ रुपए, खतरनाक तरीके से वाहन चलाने पर 4 वाहन चालकों से 8 हजार रुपए, सार्वजनिक सेवा के वाहनों मे वाहन चलाते समय निर्धारित ड्रेस ना पहनने पर 3 वाहन चालकों से 900 रुपए का सामान शुल्क वसूल किया गया। वहीं यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों से कुल 31 प्रकरण दर्ज कर 40 हजार रुपए समन शुल्क वसूल किया गया हैं।

### चाइल्ड पोर्नोग्राफी मामले में युवक गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** चाइल्ड पोर्नोग्राफी को लेकर सरगुजा पुलिस ने पुनः कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। बता दें कि एसपी के निर्देश पर सोशल मीडिया पर महिलाओं व बच्चों की अश्लील वीडियो, फोटो अपलोड करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी एनसीआरबी दिल्ली से प्राप्त साइबर टीप लाईन के आधार पर चाइल्ड पोर्नोग्राफी के मामले में सोशल मीडिया पर नाबालिग बच्चों की अश्लील वीडियो अपलोड करने वाले आरोपी पर कड़ी कार्रवाई की गई हैं। उयदपुर पुलिस ने झिरमिटी निवासी 24 वर्षीय रुस्तम को चाइल्ड पोर्नोग्राफी मामले में गिरफ्तार करने के साथ ही उसके पास से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन व सिम जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 509(ख), 67(बी) आईटी एक्ट, पोक्सो एक्ट की धारा 13, 14 के तहत कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उदयपुर कुमारी चंद्राकर, प्रधान आरक्षक देवनारायण सिंह, सोमार साय, आरक्षक सुरेन्द्र बारी, देवेंद्र सिंह शामिल रहे।



### कीटनाशक पीने से गंभीर ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** कीटनाशक पीने से गंभीर हुए ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार पत्थलगांव थाना अंतर्गत ग्राम पनसवा निवासी दिलसाय आ. हृदय साय (45 वर्ष) शुक्रवार को अज्ञात कारण से कीटनाशक पी लिया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन दिलसाय को पत्थलगांव अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक के उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

---

घर में तोड़फोड़ करने से घबराई महिला भाग रही थी बस्ती की ओर

# जान बचाने भाग रही महिला की दंतैल ने ली जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

कच्चे घर को घेरकर तोड़फोड़ मचा रहे हाथियों से बचने के लिए भाग रही महिला को दंतैल ने अपनी सूंड में जकड़कर पटक दिया जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के तत्काल बाद पहुंचे वनकर्मियों ने त त्काल महिला का शव बरामद कर सा मु दा यि क स्वास्थ्य केन्द्र में रखवाया तथा पीएम उपरांत परिजन को तात्कालिक सहायता राशि प्रदान की। घटना शनिवार की रात वन परिक्षेत्र प्रतापपुर अंतर्गत खड़गवां कला झिंगापारा की है। वन परिक्षेत्र राजपुर अंतर्गत सीमावर्ती सोखनिया जंगल में पिछले एक सप्ताह से 3 हाथियों का दल भ्रमण कर रहा है। हाथियों का दल दिन में खोखनिया जंगल में आराम करता है तथा रात में आसपास के क्षेत्रों में भ्रमण करता है। हाथियों द्वारा प्रतापपुर वन परिक्षेत्र के सीमावर्ती गांवों में तोड़फोड़ मचाने की संभावना पर वन विभाग लगातार मुनादी कर ग्रामीणों को सचेत कर रहा था। हाथियों की मौजूदगी को देखते हुए ग्रामीण भी सतर्कता बरत रहे थे। बीती रात 10 बजे हाथियों का दल खड़गवांकला झींगापारा बस्ती में पहुंचा विरांची देवी पति स्व.ननका राम (65वर्ष) के गन्ने के खेत में अपनी भूख मिटाने लगा। अपनी भूख मिटाने के बाद हाथी विरंची देवी के घर को घेरकर तोड़फोड़ मचाने लगे। हाथियों द्वारा घर में तोड़फोड़ करने की आवाज सुनकर विरांची देवी घबरा गई तथा अपनी जान बचाने के लिए घर से बाहर निकलकर बस्ती की ओर भागने लगी। महिला को भागते देख दल के दंतैल ने उसे अपने सुड़ में जकड़कर पटक दिया जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। इस दौरान गांव में ही वनकर्मी व हाथी मित्र दल के सदस्य मौजूद थे। हाथियों की आहट पाकर वनकर्मी मृतिका के घर की ओर आ रहे थे। वनकर्मियों के घटनास्थल पर पहुंचने के पूर्व ही दंतैल महिला को मौत के घाट उतार चुका था। हाथियों के गांव में मौजूद होने की सूचना पर वन परिक्षेत्राधिकारी 10 मिनट बाद पहुंचे। परिक्षेत्राधिकारी शव को बरामद कर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में रखवाया तथा पीएम उपरांत मृतिका के परिजन को 25 हजार की तात्कालिक सहायता राशि प्रदान की।

**खास बात**
- शनिवार की रात्रि ग्राम खड़गवांकला झींगापारा की घटना



मृतिका के परिजन को सहायता राशि देते वन अधिकारी।

### घर में अकेली थी मृतिका

खड़गवांकला झींगापारा जंगल के किनारे बस्ती है। बस्ती में जंगल के निकट विरांची देवी का कच्चे का बड़ा मकान है। मकान में वह अकेले रहती थी। मृतिका के बेटे पास में ही दूसरे मकान में परिवार सहित रहते थे। घटना के दौरान ग्रामीणों के गहरी नींद में होने के कारण किसी को हाथियों के पहुंचने की जानकारी नहीं मिल सकी। मृतिका का घर बड़ा होने के कारण हाथियों से कोई खतरा भी नहीं था। हाथियों द्वारा घर में तोड़फोड़ मचाने के कारण घबराहट में वह बाहर निकल गई जो उसके मौत का कारण बना। वन विभाग द्वारा हाथियों के मौजूद होने की स्थिति में जंगल किनारे के घरों को खाली कराने के निर्देश दिए गए हैं लेकिन पास में ही बस्ती होने के कारण वन अमले ने महिला को घर छोड़ने की सलाह नहीं दी। घटना के बाद उपवन मंडलाधिकारी एवं परिक्षेत्राधिकारी ने वनकर्मियों की बैठक लेकर हाथियों से सुरक्षा के लिए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं।

#### भरदा जंगल में 6 हाथी

पांच सदस्यीय हाथियों का मैत्री दल पिछले एक सप्ताह से वन परिक्षेत्र प्रतापपुर अंतर्गत भरदा जंगल में भ्रमण कर रहा है। लम्बे समय से जंगल में अकेले घूम रहा मकना हाथी दल में शामिल हो गया है जिससे हाथियों की संख्या छह हो गई। दल के भरदा, धरमपुर, दरमदली, सिंघरा, मदननगर, गणेशपुर की ओर जाने की संभावना है। वन अमला प्रभावित क्षेत्र के गांवों में मुनादी करा ग्रामीणों को सतर्कता बरतने जागरूक कर रहा है।

## मुख्य मार्ग पर पहुंचा हाथी

**राजपुर।** वन परिक्षेत्र प्रतापपुर में भ्रमण कर रहे तीन हाथियों के दल में शामिल एक दंतैल बिछड़ गया है तथा अकेले धंधापुर जंगल में घूम रहा है। शनिवार की शाम दंतैल खोडरो बस्ती का भ्रमण करते हुए चांची-कुंदीकला मुख्य मार्ग पर पहुंच गया तथा काफी देर तक पक्की सड़क पर घूमता रहा। इस दौरान वनकर्मियों व हाथी मित्र दल के सदस्यों ने खतरे को देखते हुए दोनों ओर से लोगों का आवागमन रोक दिया। दंतैल के जंगल में जाने पर आवागमन प्रारम्भ किया गया। वन अधिकारी दंतैल की मौजूदगी को देखते हुए गांव-गांव में चौपाल लगाकर ग्रामीणों एवं तेंदूपत्ता संग्राहकों को सावधानी बरतने के लिए जागरूक कर रहे हैं। वहीं गांव-गांव में मुनादी करा हाथियों के मौजूदगी की जानकारी लेने के बाद ही तेंदूपत्ता के लिए जंगल जाने की सलाह दी जा रही है।

#### लगातार की जा रही निगरानी

वन अमला लगातार हाथियों की निगरानी कर रहा है तथा नियमित मुनादी करा प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। मृतिका के परिजन को 25 हजार की तात्कालिक सहायता प्रदान की गई है।
-आशुतोष भगत
उपवन मण्डलाधिकारी





## जर्मनी से आए सैलानियों ने मंदिर में किया हनुमान चालीसा का पाठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मैनपाट के पर्यटन की ख्याति अब विदेशों तक भी पहुंच रही है। मैनपाट की हरियाली विदेशी पर्यटकों को काफी पसंद आ रही है और यही वजह है कि अब विदेश के पर्यटक मैनपाट का लुत्फ उठाने के लिए पहुंच रहे है। इस बीच मैनपाट में इन दिनों जर्मनी से आए हुए सैलानी आकर्षण का केंद्र बने हुए है। जर्मनी से आए पर्यटक ना सिर्फ मैनपाट की सुंदरता का लुत्फ उठा रहे है बल्कि हनुमान भक्ति में भी लीन हो गए है। पर्यटकों का एक वीडियो इन दिनों जमकर वायरल हो रहा है जिसमें जर्मनी के निवासी हनुमान मंदिर में बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ कर रहे है। विगत एक सप्ताह से सरगुजा में रुके हुए सैलानी विभिन्न धार्मिक स्थलों का भ्रमण कर रहे है। बताया जा रहा है कि जर्मनी से तीन सैलानी विगत एक सप्ताह से सरगुजा में मौजूद है। इनमें एक भारतीय मूल का व्यक्ति ईशान प्रभु है जो अब जर्मनी में सेटल हो चुका है जबकि उसके साथ दो अन्य महिलाएं है। जर्मनी से टूरिस्ट पहले बनारस पहुंचे थे जहां उन्हें किसी ने मैनपाट के पर्यटन व दर्शनीय स्थलों की जानकारी दी जिसके बाद वे 6 मई को मैनपाट पहुंचे थे। इस दौरान वे मैनपाट व सरगुजा के विभिन्न धार्मिक व पर्यटन स्थलों का भ्रमण कर रहे है। वहीं शनिवार को पर्यटकों ने मैनपाट में स्थित हनुमान मंदिर में भगवान के दर्शन करने के साथ ही पूजा अर्चना की। इस दौरान उन्होंने मंदिर में बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ किया जिसका वीडियो अब वायरल हो रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि जर्मनी का नागरिक होने के बाद भी वे बेहद ही अच्छे ढंग से हनुमान चालीसा का पाठ कर रहे है इस दौरान हनुमान चालीसा उनके मुंह से सुनकर लोग भी हैरान रह गए। पूरे हनुमान चालीसा के दौरान जर्मनी से आए भक्त भक्ति में झूमते नजर आए।

- दो महिलाएं व एक भारतीय मूल के नागरिक कर रहे भ्रमण, पाठ करने का वीडियो वायरल

#### मांझी ग्रामीण बना गाइड

बताया जा रहा है कि जर्मनी से आए सैलानी मैनपाट के नर्मदापुर बीही पारा में रहने वाले भागीरथी मांझी के साथ मैनपाट का भ्रमण कर रहे है। जर्मन सैलानी सबसे पहले भागीरथी माझी के पास पहुंचते है और पूजा पाठ के बाद पर्टयन स्थलों के भ्रमण के लिए निकल जाते है। हालांकि उनकी किसी से बातचीत नहीं हो पा रही लेकिन उनका कहना है कि वे भगवान की सेवा करने आए है।

## निस्तार की भूमि पर मिट्टी पाटने को लेकर ग्रामीणों में रोष, किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

हाउसिंग बोर्ड द्वारा सरगवां में ग्रामीणों के निस्तार की भूमि पर मिट्टी पाटने का मामला सामने आया है। इस घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश का माहौल है और हाउसिंग बोर्ड व ग्रामीणों के बीच तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इस बीच जिपं सदस्य राकेश गुप्ता ने मौके पर पहुंचकर मामला शांत कराया लेकिन निस्तार प्रभावित होने पर ग्राम वासियों ने उग्र विरोध की चेतावनी दी है।

- हाउसिंग बोर्ड द्वारा कराया जा रहा है निर्माण, जिपं सदस्य ने किया बीच बचाव

बता दें कि ग्राम पंचायत सरगंवा में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी प्रबंधन और ग्रामवासियों में रास्ते और निस्तार की जमीन को लेकर करीब सात साल से विवाद चल रहा है। वर्ष 2017-18 में राजस्व विभाग, हाउसिंग बोर्ड, जनप्रतिनिधियों और ग्राम वासियों के बीच कालोनी के बीच से रास्ता देने और निस्तार ना रोकने के सम्बंध में सहमति बनी थी। पिछले कई दिनों से हाउसिंग बोर्ड कालोनी का निर्माण कर रहे ठेकेदार द्वारा कालोनी की बाउंड्रीवाल के पीछे बरसाती नाला को मिट्टी भरकर पाटा जारहा था। ग्रामीणों के विरोध के बाद भी काम जारी था। नाला को पाटने के लिए पिछले दो दिनों से कई ट्रक खराब हो चुके बीड़ी पत्ता को फेंका जा रहा है जो कि सड़ कर बदबू का कारण बन रहा है। आज सरगवां के लोगों ने पंचायत प्रतिनिधियों के साथ मिल कर काम को रोक दिया। जिससे विवाद की स्थिति बन गयी। ग्रामीणों के बुलावे पर जिपं सदस्य राकेश गुप्ता ने ग्रामीणों और हाउसिंग बोर्ड अधिकारियों के बीच सुलह का प्रयास किया। उन्होंने पंचायत को अपनी भूमि सुरक्षित करने कहा। यह भी आश्वस्त किया कि पूर्व में हुई सहमति के अनुसार बोर्ड को ग्रामीणों के निस्तार के लिए बीस फिट चौड़ा रास्ता देना ही होगा।

फिलहाल तो मामला शांत है मगर ग्रामीणों ने श्मसान भूमि और निस्तारी नाले पर से कब्जा नही हटाने पर उग्र विरोध प्रदर्शन की चेतावनी दी है। इधर हाउसिंग बोर्ड में मकान लेने वालों ने कालोनी में नियमानुसार बाउंड्री वाल बनाने का दबाव बोर्ड पर बना रहे हैं।



विरोध जताते ग्रामीण।

## मेडिकल कॉलेज अस्पताल से दो बाइक चोरी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अंदर से एक साथ दो बाइक चोरी करने के मामले में पुलिस ने शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। मणीपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दरिमा अमलभिट्ठी निवासी महादेव नामक युवक 11 मई को अपने परिजन से मिलने के लिए बाइक क्रमांक सीजी 04 डीवी 9132 से मेडिकल कॉलेज अस्पताल आया था इस दौरान उसने अपनी बाइक महिला वार्ड के गेट के सामने खड़ी की थी और जब वह परिजन से मिलकर लौटा तो उसकी बाइक गायब थी। इसी तरह जरहागढ़ निवासी समीर खान 11 मई को अपनी बाइक सीजी 15 डीएम 6864 से मेडिकल कॉलेज अस्पताल गया था और बाइक को महिला वार्ड पानी टंकी के सामने खड़ा किया था। इस दौरान युवक की बाइक भी चोरी हो गई। दोनों युवकों द्वारा घटना की शिकायत पुलिस से की गई जिसके बाद सीसीटीवी फुटेज की जांच करने के साथ ही मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर महामाया पहाड़ हाथी पखना निवासी 23 वर्षीय छोटू चौधरी को हिरसात में लेकर पूछताछ की गई तो उसने दोनों बाइक चोरी करने और उन्हें बेचने के लिए छिपाकर रखने की बात स्वीकार की। पुलिस ने युवक के घर से दोनों बाइक को बरामद करने के साथ ही आरोपी को धारा 379 के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रदीप जायसवाल, सउनि नवल किशोर दुबे, विवेक पाण्डेय, प्रधान आरक्षक पीताम्बर सिंह, आरक्षक अतुल कुमार शर्मा, सत्येंद्र दुबे, संजीव चौबे, राहुल सिंह, अमित विश्वकर्मा शामिल रहे।



## गोदाम से एलईडी टीवी चोरी करने के मामले में युवक गिरफ्तार

अंबिकापुर। इलेक्ट्रॉनिक दुकान के गोदाम से दो एलईडी टीवी की चोरी के मामले में पुलिस ने चोर व चोरी का सामान खरीदने वाले व्यवसायी को गिरफ्तार किया है। गांधीनगर पुलिस के अनुसार ममता सेल्स फर्म के नाम से होली क्रॉस स्कूल के पीछे इलेक्ट्रॉनिक दुकान की संचालित है। दुकान के गोदाम में स्टॉक मिलान के दौरान दो नग एलईडी टीवी गायब मिले ऐसे में व्यवसायी के मैनेजर सुभासनगर निवासी बसंत कुमार पाठक ने इसकी शिकायत पुलिस से की थी। जांच के दौरान सीसीटीवी में एक टाटा मैजिक वाहन में दो नग एलईडी टीवी चोरी करते युवक नजर आया। पुलिस ने संदेह के आधार पर गांधीनगर तुर्रापानी निवासी 30 वर्षीय सुकेश कुमार नायक को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो बताया कि उसने 18 अप्रैल की रात गोदाम में घुसकर दो नग एलईडी टीवी की चोरी टाटा मैजिक वाहन क्रमांक यूपी 64 बीटी 7573 से की है और उसमें से एक एलईडी टीवी को उसने सत्तीपारा स्थित इलेक्ट्रॉनिक दुकान के संचालक आदित्य कुमार शर्मा को बेच दिया है। पुलिस ने मामले में व्यवसायी मिशन चौक निवासी आदित्य शर्मा को हिरासत में लेकर उसके पास से चोरी का एलईडी टीवी बरामद किया जबकि दूसरा टीवी आरोपी सुकेश नायक के पास से बरामद किया गया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त वाहन व टीवी को जब्त कर आरोपियों के खिलाफ धारा 457, 380, 411 के तहत कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी अश्वनी सिंह, सउनि विनय सिंह, महिला आरक्षक त्रिलोचनी राजवाड़े, आरक्षक ऋषभ सिंह, घनश्याम देवांगन, अरविन्द उपाध्याय, बृजेश राय, अनिल परिहार शामिल रहे।

- चोरी की टीवी खरीदने वाला इलेक्ट्रॉनिक दुकान संचालक भी पकड़ा गया



आईजी, एसपी ने किया शहीद जवानों की माताओं का सम्मान, मातृत्व दिवस पर किया गया कार्यक्रम

# मां की भूमिका बताने विशेष दिन व शब्दों की आवश्यकता नहीं : गर्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अंतरराष्ट्रीय मातृत्व दिवस के अवसर पर हार्मोनी समाज सेवी संस्था व सरगुजा पुलिस के संयुक्त तत्वाधान में शहीद जवानों की माताओं के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर शहीद जवानों की माताओं का सम्मान किया गया। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंकित गर्ग ने कहा कि सरगुजा रेंज से आए हुए सभी पुलिसकर्मियों के परिवारों का स्वागत एवं सम्मान करता हूं। मां और उनके मातृत्व के सम्मान के लिए किसी विशेष दिन की आवश्यकता नहीं हैं, मां की भूमिका बताने के लिए शब्दों की कोई आवश्यकता नहीं हैं। मां और संतान के बीच सबसे निश्छल और पवित्र रिश्ता होता हैं जो दुनिया मे सबसे अनमोल और खूबसूरत हैं। मशहूर चित्रकार लियोनार्डो ने कहा था मां एक जीता जगता चमत्कार हैं और ये चमत्कार भगवान ने मां के रूप मे अपने बच्चों के लिए भेजा हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग मे ड्यूटी की कोई सीमा नहीं हैं। 24 घंटे ड्यूटी होती हैं, पुलिस परिवार के सदस्य जानते हैं कि ड्यूटी कितनी कठिन हैं। पिता विभाग के कार्यों एवं अन्य सेवा मे तैनात रहते हैं उस स्थिति मे मां कों पिता के कर्तव्यों का भी निर्वहन करना पड़ता हैं, ऐसे सुखद दिन मे आप सभी माताओ का सम्मान करना गर्व की बात हैं। एसपी विजय अग्रवाल ने कहा कि मातृत्व दिवस पर या अन्य दिनों मे भी मां के बारे मे कुछ भी बताने या अभिव्यक्त करने की आवश्यकता नहीं हैं। घर पहली पाठशाला और मां उस पाठशाला की प्रधानपाठक होती हैं जहां से हम इस दुनिया की पहली परिचय प्राप्त करते हैं। मां की वजह से ही प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन मे सर उठाकर जीता है। कार्यक्रम मे शहीद परिवार की माताओं को शाल श्रीफल देकर देकर सम्मानित किया गया साथ ही शिक्षा एवं खेलकूद मे अव्वल आए पुलिस परिवारों के बच्चों की माताओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान संभागीय सेनानी राजेश पांडेय, एसपी पीटीएस मैनपाट सचिन्द्र चौबे, एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लों, सीएसपी रोहित कुमार शाह, एसडीओपी अमित पटेल, प्रशिक्षु डीएसपी शुभम तिवारी, कार्यक्रम संयोजक सुरेन्द्र वर्मा, अध्यक्ष डॉ. इति चतुर्वेदी हार्मोनी सेवा समिति, संतोष वर्मा, सुजित चतुर्वेदी सहित सरगुजा रेंज के समस्त जिलों से आए पुलिस परिवार की माताएं एवं सदस्य सहित अन्य मौजूद थे।



शहीद जवान की माता को सम्मानित करते आईजी।

#### शहीद की मां ने कहा हमें मिले है आप जैसे पुत्र

कार्यक्रम के दौरान शहीद आरक्षक अमरदीप खलखो की माता श्रीमती अनिमा खलखो ने कहा कि उनका परिवार काफी कठनाई में भी अपने बच्चो कों अच्छी शिक्षा दी। शहीद आरक्षक अमरदीप खलखो ने अपने युवाअवस्था में पुलिस विभाग मे अपनी सेवा देने की इक्छा जताई थी, जिस पर परिवार ने सहमति दी, पुलिस विभाग मे भर्ती होने के बाद मेरे बच्चे की पोस्टिंग सुकमा मे हुई, सेवा के दौरान नक्सली मुठभेड़ में 21 मार्च 2020 कों वीर शहीद अमरदीप खलखो ने सर्वोच्च बलिदान देकर शहीद हुए। मैंने उस परिस्थिति मे भी हिम्मत रखकर आज इस कार्यक्रम मे शामिल हुई हूं। शहीद परिवार को आप जैसे कई पुत्र मिले हैं जो हमें हर समय याद करते हैं।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'लॉर्ड ऑफ द रिंग्स' फैंस के लिए खुशखबरी, काम करेंगे पीटर

'द लॉर्ड ऑफ द रिंग्स' के प्रशंसकों के लिए कुछ अच्छी खबर है। वार्नर ब्रदर्स लॉर्ड ऑफ द रिंग्स फिल्मों के एक नए बैच पर काम कर रहे हैं। पहली फिल्म, जिसका



अस्थायी नाम 'लॉर्ड ऑफ द रिंग्सः द हंट फॉर गॉलम' है। वे इस फिल्म को साल 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज करने की योजना बना रहे हैं। गॉलम के प्रशंसक उनके इर्द-गिर्द घूमती फिल्म मिलने की खबर से रोमांचित हैं।

रिपोर्ट्स के अनुसार, अब स्क्रिप्ट निर्माण के शुरुआती चरण में है। एंडी सर्किस निर्देशक पीटर जैक्सन के साथ इस फीचर में अभिनय और निर्देशन करने के लिए तैयार हैं। वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी के सीईओ डेविड जैस्लाव ने गुरुवार को कहा कि मूल 'द लॉर्ड ऑफ द रिंग्स' के फिल्म निर्माता पीटर जैक्सन और उनके साथी फ्रैन वॉल्श और फिलिपा बॉयन्स फिल्म का निर्माण कर रहे हैं और वे हर कदम पर उनके साथ शामिल होंगे। फ्रैन और फिलिपा पटकथा लिखेंगे, वहीं पीटर परियोजना का निर्माण करेंगे। अभी इस फ्रेंचाइजी में दो फिल्में बनने की उम्मीद है।

गुरुवार की सुबह वार्नर ब्रदर्स की एक प्रेस विज्ञप्ति में स्टूडियो ने खुलासा किया कि फिल्म का कार्यकारी शीर्षक 'लॉर्ड ऑफ द रिंग्सः द हंट फॉर गॉलम' है और इसका निर्देशन सर्किस द्वारा किया जाएगा और इसमें उनकी मुख्य भूमिका होगी। फिल्म का कार्यकारी निर्माण केन कमिंस द्वारा किया जाएगा, जिसमें सर्किस और द इमेजिनेरियम के जोनाथन कैवेंडिश शामिल होंगे। वहीं बात करें मूल फिल्म की तो 'द लॉर्ड ऑफ द रिंग्स' जेआरआर टॉल्किन की पुस्तक सीरीज पर आधारित एक फिल्म फ्रेंचाइजी है। पीटर के मूल देश न्यूजीलैंड में एक साथ तीन फिल्मों की शूटिंग हुई। 'द फेलोशिप ऑफ द रिंग' 2001 में रिलीज हुई, 'द टू टावर्सट 2002 में और ट' रिटर्न ऑफ द किंग' 2003 में रिलीज हुई। ये फिल्में 1999-2000 के बीच शूट की गई थीं। कई ऑस्कर जीतने वाली ये फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सफल रहीं और सामूहिक रूप से 2.988 बिलियन डॉलर की कमाई की। अब दर्शकों को 2026 में एक बार फिल्म सिनेमाघरों में नई फिल्म का लुत्फ उठाने के मौका मिलेगा।

### टॉलीवुड

## पृथ्वीराज की 'गुरुवायूर अंबाला नदायिल' आ रही 16 मई को

सुपरस्टार पृथ्वीराज सुकुमारन की 'गुरुवायूर अंबाला नदायिल' 16 मई को रिलीज होने के लिए तैयार है। शुक्रवार को इसका ट्रेलर रिलीज किया गया था, जिसे फैंस काफी



ज्यादा पसंद कर रहे हैं। इसका निर्देशन विपिन दास ने किया हैं, जो इससे पहले फिल्म 'जया जया जया जया हे' को डायरेक्ट कर चुके हैं। फिल्म का निर्माण ई4 एंटरटेनमेंट द्वारा किया गया है। 'गुरुवायूर अंबाला नदायिल' की कहानी दीपू प्रदीप ने लिखी है। पृथ्वीराज सुकुमारन के अलावा बेसिल जोसेफ, निखिला विमल, अनस्वरा राजन और जगदीश भी अभिनय करते नजर आएंगे। फिल्म की कहानी शादी पर केंद्रित है। यह एक पारिवारिक ड्रामा फिल्म है। पृथ्वीराज को उम्मीद है कि उनकी यह फिल्म भी अच्छा प्रदर्शन करेगी और लोग इसे पसंद करेंगे।

कुछ दिन पहले मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया था, पृथ्वीराज सुकुमारन और ममूटी जल्द ही एक फिल्म में नजर आएंगे। यह एक थ्रिलर फिल्म हो सकती है। इस खबर से दोनों के फैंस काफी ज्यादा उत्साहित नजर आए थे। रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया था कि इस फिल्म को कोई नया निर्देशक बनाएगा।

### भोजपुरी

## आ रही है स्मृति सिन्हा की भोजपुरी फिल्म 'चटोरी बहू'

स्मृति सिन्हा जल्द ही 'चटोरी बहू' के किरदार में भोजपुरी फिल्म में धमाल मचाने आ रही हैं। बताया जा रहा है कि इस फिल्म की शूटिंग जौनपुर



के बदलापुर शहर में हो रही है। इस फिल्म में जय यादव भी हैं । एक्ट्रेस ने कहा- फिलहाल फिल्म की शूटिंग के दौरान बेहद मजा आ रहा है। भोजपुरी सिने वर्ल्ड की बेहतरीन अदाकाराओं में से एक स्मृति सिन्हा जल्द ही 'चटोरी बहू' के किरदार में बड़े पर्दे पर नज़र आने वाली हैं। आधी आबादी और सामाजिक परिदृश्य की कहानी पर बनने वाली फिल्म में उनके साथ सुपर स्टार जय यादव भी प्रमुख भूमिका में हैं और इस फिल्म की शूटिंग इन दिनों जोर-शोर से चल रही है। फिल्म की शूटिंग जौनपुर के बदलापुर शहर में हो रही है। इस फिल्म के संदीप सिंह और नीलाभ तिवारी हैं और निर्देशक इश्तियाक़ शेख़ (बंटी) हैं। फिल्म में किरण यादव भी एक महत्वपूर्ण किरदार में होंगी।फिल्म को लेकर जय यादव ने कहा कि 'चटोरी बहू' शानदार स्क्रिप्ट पर बनने वाली फिल्म है। इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है और हम सभी इसको बेहद इंजॉय कर रहे हैं। मुझे इस फिल्म की कहानी ने पहली दफे में आकर्षित कर लिया था, जिसके बाद मैंने इसको करने का फैसला लिया था और आज यह फ्लोर पर है। इसकी बेहद ख़ुशी है। बस मैं अपने फैंस और दर्शकों से यही उम्मीद करूंगा कि वे हमारी फिल्म को रिलीज होने के बाद खूब प्यार और आशीर्वाद दें। इस फिल्म को लेकर स्मृति सिन्हा ने कहा कि घर -परिवार में अक्सर चटोरी बहू के किस्से सुनने को मिलते हैं। इस फिल्म का रेफरेंस कुछ इसी तरह से लिया गया है, लेकिन फिल्म की कहानी नायाब है।उन्होंने कहा, 'जय यादव एक अच्छे कलाकार हैं, उनके साथ हमारी जोड़ी दर्शकों को खूब भाएगी। मैं उम्मीद करती हूं कि फिल्म जब रिलीज होगी तब सबको को पसंद आएगी। मुझे तो फिलहाल फिल्म की शूटिंग के दौरान बेहद मजा आ रहा है।

## महासागरों के जीवों की चिंता

पेरिस में प्रख्यात डिजाइनर अलेक्जेंडर मैकक्वीन ने स्प्रिंग/समर शो के दौरान महासागरों के नीचे पानी की दुनिया पर ग्लोबल वार्मिंग के पड़ते असर पर दुनिया का ध्यान खींचा है। मैकक्वीन की मॉडल्स ₹सिंथेटिक ओशन₹ नाम के इस संग्रह में ₹कारपेस₹ नियोप्रीन पोशाकें पहनी हुई थी, जो पानी के नीचे के जीवों को बचाने का संदेश दे रही थीं।





लाइफ स्टाइल

## सिल्क साड़ी के साथ इन ब्लाउज को करें स्टाइल, लगेंगी खूबसूरत




स्टाइलिश दिखना हर लड़की को पसंद होता है। इसके लिए हम अपने वार्डरोब को हमेशा अपडेट करते रहते हैं। एथनिक वियर की बात करें तो लड़कियों को सबसे ज्यादा साड़ी पहनना पसंद होता है। ये लुक एवरग्रीन होता है। लेकिन साड़ी में भी आपका लुक तभी परफेक्ट नजर आता है जब उसके साथ ब्लाउज डिजाइन अच्छा होता है। इसलिए अगर आप सिल्क साड़ी पहनने के बारे में सोच रही हैं तो इसके साथ आपको अपने ब्लाउज डिजाइन पर भी खास ध्यान देना चाहिए। तभी आप इसमें खूबसूरत नजर आएंगी। हालांकि आपको मार्केट में कई सारे रेडिमेड ब्लाउज मिल जाएंगे। लेकिन अगर आप इन डिजाइन को खुद बनवाकर स्टाइल करेंगी तो लुक परफेक्ट दिखाई देगा।



### पफ स्लीव्स ब्लाउज डिजाइन


आजकल पुराना ट्रेंड वापस आ रहा है ऐसे में आप भी इस ट्रेंड को ट्राई कर सकती हैं। इसके लिए सबसे बेस्ट है पफ स्लीव्स ब्लाउज। अगर आपकी बाजू हैवी है और आपको पसंद नहीं है कि वो ज्यादा हाईलाइट हो तो उन्हें छुपाने के लिए आप पफ स्लीव्स ब्लाउज डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इसके लिए आपको नेक सिंपल डिजाइन का क्रिएट कराना होगा। इसके साथ स्लीव्स पर प्लेट्स बनाकर उसमें पफ क्रिएट कराना होगा। आप चाहे तो साड़ी से मेचिंग गोटा ब्लाउज की स्लीव्स में लगवा सकती हैं। लुक को और खूबसूरत बनाने के लिए आप इसके साथ बन हेयर स्टाइल बना सकती हैं और मेकअप को मैट रख सकती हैं।

### कट स्लीव्स ब्लाउज

अगर आप सिंपल ब्लाउज डिजाइन सिल्क साड़ी के साथ ट्राई करना चाहती हैं तो इसके लिए परफेक्ट डिजाइन है कट स्लीव्स ब्लाउज को ट्राई कर सकती हैं। इसके लिए आप चाहे तो आगे और पीछे के डिजाइन को डीप बनवा सकती हैं। इस तरीके के ब्लाउज के लिए आप मार्केट से प्रिंटेड या फिर प्लेन कपड़ा खरीदकर इन्हें डिजाइन करा सकती हैं। इस तरीके के ब्लाउज के साथ आप कानों में ईयर कफ या फिर झुमकियों को स्टाइल कर सकती हैं और बालों को ओपन रख सकती हैं।राउंड बैक ब्लाउज डिजाइन ब्लाउज सिलवाते वक्त जितना जरूरी आगे का डिजाइन होता है उतना ही जरूरी होता है पीछे के डिजाइन को क्रिएट कराना।

## चेहरे की खूबसूरती बढ़ाने के लिए इन टिप्स से करें आइब्रो को घना

चेहरे की खूबसूरती को बढ़ाती है आईब्रो। ऐसे में जरूरी है कि इन्हें घना करने के लिए हमें भी कुछ तरीकों को ट्राई करना चाहिए। हर एक महिला की आईब्रो की डेंसिटी अलग-अलग होती है। वहीं कुछ महिलाओं की आईब्रो कुछ ज्यादा ही घनी होती हैं, तो किसी की पतली। भले ही आपकी स्किन टोन कुछ भी हो लेकिन चेहरे का निखार तब बाहर आता है जब आईब्रो की शेप सही होती है। इसलिए महिलाएं अपनी आईब्रो को लेकर काफी सचेत रहती हैं। पार्लर में भी आइब्रो बनवाते हुए कई बार चीजों को बताती हैं। वहीं कुछ ऐसी होती हैं जो उन्हें घना करने के लिए मार्केट में मिलने वाले प्रोडक्ट का इस्तेमाल करती हैं। अगर आप चाहे तो इसके लिए घरेलू नुस्खों का इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे आईब्रो घनी भी दिखाई देंगी साथ ही रंग भी गहरा हो जाएगी। इन घरेलू नुस्खों में किसी तरह का कोई भी केमिकल का इस्तेमाल नहीं किया जाता। इसलिए आपको कोई भी साइड इफेक्ट नहीं होगा। आप चाहे तो एक्सपर्ट की सलाह लेकर भी इसका इस्तेमाल कर सकती हैं।



### घनी आईब्रो के लिए इस्तेमाल करें एलोवेरा

हेल्थ, स्किन और बालों के लिए एलोवेरा का इस्तेमाल घर में किया जाता है। इसके इस्तेमाल की सलाह हमारी नानी और दादी भी देती हैं। एलोवेरा जेल में एंटीऑक्सीडेंट्स जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। बालों की ग्रोथ के लिए काफी अच्छा होता है।

### इस तरह करें एलोवेरा इस्तेमाल

इसके इस्तेमाल के लिए सबसे पहले एक कटोरी में एलोवेरा जेल लें। फिर इसे अपनी आईब्रो (आईब्रो के लिए तेल का इस्तेमाल) में लगाकर अच्छे से मसाज करें। इसे दिन में बार अपनी आइब्रो पर लगाएं और अच्छे से मसाज करें। इसके इस्तेमाल से आइब्रो की ग्रोथ जल्दी ही बढ़ने लगेगी। आप चाहे तो एलोवेरा के साथ ऑलिव ऑयल का भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

### घनी आईब्रो के लिए करें प्याज के रस का इस्तेमाल

जैसे ही घने और मजबूत बालों के लिए हम प्याज के रस का इस्तेमाल करते हैं वैसे ही हम आईब्रो (आईलैशेज के लिए अपनाएं ये घरेलू नुस्खे) के लिए भी इसका इस्तेमाल कर सकती हैं।

इससे आईब्रो के बाल घने हो जाएंगे और गहरे नजर आएंगे।

## छोटे चेहरे पर खूब जचेंगे इयररिंग्स के ये खूबसूरत डिजाइंस, अपनाएं

स्टाइलिश दिखने के लिए हम अपने लुक में तरह-तरह के बदलाव करते हैं। वहीं आउटफिट को चुनने के बाद बारी आती है स्टाइलिंग करने की। बता दें कि स्टाइलिंग करने के लिए ज्वेलरी चुनना बेहद अहम होता है और इसके लिए आपको अपने आउटफिट के साथ-साथ फेस शेप का भी मालूम होना जरूरी होता है। चेहरे के आकार के हिसाब से इयररिंग्स चुनने से आपके फेस स्ट्रक्चर पर डिजाइन खूबसूरत नजर आता है, लेकिन इस तरह की जानकारी हम सभी को नहीं होती है। खासकर छोटे आकार के चेहरे वालों को अपने लिए परफेक्ट इयररिंग्स चुनने में काफी परेशानी होती है। इसलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं इयररिंग्स के कुछ ऐसे डिजाइंस जो खासकर छोटे आकार के चेहरे पर खूबसूरत नजर आयेंगे। साथ ही बताएंगे इन इयररिंग्स को स्टाइल करने के आसान टिप्स ताकि आपका लुक आकर्षक नजर आए।

### हूप इयररिंग डिजाइन

हूप में आपको कई डिजाइन और साइज देखने को नजर आ जाएंगे, लेकिन अगर आपका चेहरा छोटा है तो आप चौड़े और छोटे साइज के हूप इयररिंग्स को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको



प्लान हूप से लेकर स्टोन और कलरफुल में भी कई डिजाइन देखने को मिल जाएंगे।

### झुमकी इयररिंग डिजाइन

आजकल आपको मार्केट में हर साइज और वजन की झुमकी मिल जाएंगी। वहीं अगर आपका चेहरा छोटा है तो आप डॉम डिजाइन की झुमकी को स्टाइल कर सकती हैं। इसके अलावा आप किसी भी तरह के छोटे साइज और बारीक डिजाइन वाली झुमकी इयररिंग्स को स्टाइल कर सकती हैं।

## दिखना है स्टाइलिश तो इन आउटफिट के साथ पहनें पर्ल ज्वेलरी, होगी तारीफ

जब भी ज्वेलरी की बात आती है तो इन्हें ट्राई करने के लिए महिलाएं हमेशा रेडी रहती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि हम चाहते हैं कि जो भी हम स्टाइल करें उसमें खूबसूरत नजर आएं। इसके लिए अलग-अलग ज्वेलरी शॉपिंग भी हम करते हैं। लेकिन कई बार ऐसा होता है कि एक जैसी ज्वेलरी पहनकर हम बोर हो जाते हैं। ऐसे में आप पर्ल ज्वेलरी को स्टाइल कर सकती हैं। ये दिखने में काफी रॉयल लगती है साथ ही इसमें आपको अलग-अलग ऑप्शन मिल जाते हैं।

### पर्ल ज्वेलरी सेट

अगर आपको ज्वेलरी डिजाइन में कुछ नया ट्राई करने का मन है तो ऐसे में आप पर्ल ज्वेलरी सेट को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको कई सारे ऑप्शन मिल जाएंगे। जैसे- लेयर पर्ल ज्वेलरी, सिंगल लेयर पर्ल ज्वेलरी और हैवी पर्ल ज्वेलरी सेट। इन्हें आप अलग-अलग तरह के आउटफिट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इस तरीके सेट इंडियन और वेस्टर्न दोनों तरह की ड्रेस के साथ अच्छे लगते हैं। मार्केट में इस तरीके के डिजाइन आपको 500 से 1000 की रेंज में मिल जाएंगे।



### पर्ल इयररिंग्स

मार्केट नें आपको कई सारे इयररिंग्स के डिजाइन मिल जाएंगे। जिन्हें आप आउटफिट के हिसाब से स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको लॉन्ग लेयर वाले इयररिंग्स (ऑफिस वियर के लिए इयररिंग्स) और स्टड वाले इयररिंग मिल जाएंगे। जिन्हें आप स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको अलग-अलग कलर भी मिल जाएंगे। इस तरीके के डिजाइन वाले इयररिंग्स को आप किसी भी आउटफिट के साथ वियर कर सकती हैं। ये दिखने में काफी क्लासी लगते हैं। और स्टाइल करने में भी इजी होते हैं। अगर आपको हाथों में अलग-अलग तरह की एक्सेसरीज पहनना पसंद है तो इसके लिए आप पर्ल ब्रेसलेट (ब्रेसलेट डिजाइन) के अलग-अलग डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं।

कार्नर न्यूज

## घर में मौजूद पुराने कपड़ों को लोग अक्सर फेंक देते हैं, जो गलत है

# फटे-पुराने कपड़ों को फेंके नहीं, घर सजाने के लिए ऐसे करें इस्तेमाल

घर में मौजूद पुराने कपड़ों को लोग अक्सर फेंक देते हैं, जो गलत है। आप घर की सजावट जैसे कामों के लिए पुराने कपड़े इस्तेमाल कर सकते हैं। आजकल कोई भी कपड़ा खरीदना हो उसकी कीमत बहुत ज्यादा होती है। यही कारण है कि फटे और पुराने कपड़ों को फेंकते वक्त लोगों को बहुत दुख होता है। पुराने कपड़ों का फेंकना गलत भी है, क्योंकि आप उन्हें घर के अलग-अलग कामों के लिए यूज कर सकते हैं। आइए जानते हैं कि कैसे आप पुराने कपड़ों से घर को खूबसूरत लुक दे सकते हैं।



### पुराने कपड़ों से बनाएं शोपीस

घर पर मौजूद पुराने कपड़ों से आप शोपीस तैयार कर सकते हैं। शोपीस बनाने के लिए आपको चाहिए एक खाली बोतल। बोतल को ऊपर से काट दें, ताकी उसका मुंह बड़ा हो जाए। अब बोतल को किसी कपड़े से कवर करें और अलग-अलग रंग के कपड़ों को काटकर फूल जैसे डिजाइन बनाकर बोतल पर लगाएं। आप बोतल पर घर में मौजूद एक्स्ट्रा बटन और स्टोन भी लगा सकते हैं। इस डेकोरेटेड बोतल को आप फ्लावर पॉट या पेन स्टैंड की तरह यूज कर सकते हैं।

### खराब कपड़ों से बनाएं कुशन कवर

खराब कपड़ों से आप कुशन कवर भी बना सकते हैं। जैसे शर्ट और लांग सकर्ट को बराबर काट कर और चारों तरफ से सिलकर आप कुशन का कवर तैयार कर सकते हैं। वहीं, अगर आपके पास कुशन कवर है, तो आप शर्ट के बटन आदी लगाकर कुशन के कवर को सजा सकते हैं।

### पुराने कपड़ों से बनाएं वॉशिंग मशीन का कवर

घर में रखी वॉशिंग मशीन अच्छी नहीं लगती है। ऐसे में आप पुराने कपड़ों से वॉशिंग मशीन कवर बना सकते हैं। वाशिंग मशीन का कवर चूहों की समस्या से भी वॉशिंग मशीन को सुरक्षित रखता है।



### पुराने कपड़ों से दरवाजों को सजाएं

इन सभी टिप्स के अलावा आप घर के दरवाजों के हैंडल को खास लुक देने के लिए भी पुराने कपड़ों को यूज कर सकते हैं। हैंडल का कवर बनाने से दरवाजा साफ भी रहेगा और थोड़ा अलग भी दिखेगा।

## खबर संक्षेप

### निकिता ने हाई स्कूल परीक्षा में 96.3 प्रतिशत के साथ हासिल किया प्रथम स्थान

**प्रतापपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 10वीं एवं 12वीं परीक्षा परिणाम गुरुवार को जारी किया गया जिसमें प्रतापपुर विकासखंड के शासकीय



उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के कक्षा 10वीं की छात्रा निकिता वर्मा ने जिले में पहला स्थान हासिल किया है। कलेक्टर सूरजपुर रोहित व्यास ने छात्रा को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। यह सम्मान उनके पिता ने ग्रहण किया। निकिता वर्मा शिक्षक सुनील कुमार गुप्ता और नीतू वर्मा की पुत्री हैं। निकिता ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने विद्यालय के प्राचार्य, सभी शिक्षक, अपने साथी और माता पिता को दिया है।

### प्रीति के 10वीं परीक्षा में 85.8 अंक प्राप्त करने पर सरपंच ने किया सम्मानित



**रामानुजनगर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा कक्षा 10 वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमे विकासखंड रामानुजनगर के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परशुरामपुर से कक्षा दसवीं की छात्रा कुमारी प्रीति आ. सपुरन ने अपने विद्यालय में सबसे अधिक 85.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर ग्राम परशुरामपुर के सरपंच लाल केश्वर सिंह सरुता एवं जनपद सदस्य परमेश्वर सिंह ओरकेरा द्वारा प्रीति को गुलदस्ता भेंट एवं लड्डू खिलाकर सम्मानित किा। इस दौरान शिवपाल दास,कवल सायं, एवं शेख मोहम्मद उपस्थित थे।

### स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल के 10वीं के 41 बच्चों ने प्राप्त किया प्रथम स्थान



**अम्बिकापुर।** विकासखंड लखनपुर स्थित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल के कक्षा दसवीं के 41 बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम श्रेणी के साथ सफलता हासिल की। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। दसवीं कक्षा में गुनगुन गुप्ता ने 94 फीसदी अंक हासिल कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त की। इसी प्रकार अंग्रेजी माध्यम में कक्षा 12वीं में 32 विद्यार्थी शामिल हुए जिसमें से 29 ने प्रथम श्रेणी के साथ सफलता हासिल की वहीं तीन विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी लाया, इस प्रकार परीक्षा का परिणाम शत प्रतिशत रहा। बारहवीं में जयप्रकाश एक्का 87 प्रतिशत अंक के साथ स्कूल में प्रथम स्थान पर रहे। 10वीं में सीमा चौरसिया ने 92 प्रतिशत, लिसा साहू ने 91.60 प्रतिशत, आदित्य कुमार बारी ने 91 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में दूसरा, तीसरा और चौथा स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा बारहवीं में शालिनी, सत्येंद्र साहू ने 85 प्रतिशत, आकाश ठाकुर और प्रियांशु राज ने 84 प्रतिशत अंक हासिल कर कक्षा में दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया।

### केवरा हाई स्कूल के छात्र एवं छात्राओं ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**प्रतापपुर।** छत्तीसगढ़ शिक्षा बोर्ड द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित किया और प्रतापपुर ब्लॉक के केवरा हाई



स्कूल के छात्र एवं छात्राएं ने बड़ी संख्या में अच्छे नंबरों से परीक्षा उत्तीर्ण की। केवरा निवासी देवंती राजवाड़े ने 83. 5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया। साक्षी ने 82.83 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय स्थान तथा संतोष कुमार राजवाडे ने 81.83 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### दसवीं बोर्ड में ऋषिका ने हासिल की 80 फीसदी अंक

**महंगई।** विकासखण्ड प्रेमनगर अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यामिक विद्यालय की छात्रा ऋषिका जायसवाल ने 10वीं बोर्ड में



80 फीसदी वहीं जयकरन राजवाड़े ने 12वीं बोर्ड में 84 फीसदी अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्रभारी प्राचार्य राजेन्द्र कुरूवंशी ने बतायवा कि 10वीं बोर्ड में कु.वसुधा जायसवाल ने 78 फीसदी व आंचल ठाकुर 76 फीसदी अंक वहीं 12वीं बोर्ड में जितेंद्र कुमार सिंह 68 फीसदी, कुमारी प्रियंका रवि ने 66 फीसदी अंक प्राप्त किया है। इन मेघावी छात्र-छात्राओं को स्कूल प्रबंधन द्वारा सम्मानित किया जाएगा। ऋषिका जायसवाल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिताजी शैलेश जायसवाल, माता पुष्पा जायसवाल व शिक्षकों को दिया है।

## आए दिन ग्रामीण हो रहे दुर्घटना का शिकार

# बेतरतीब खड़े कोयला वाहनों ने बढ़ाई राहगीरों की परेशानी, नहीं हो रही कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानीचौक

ग्राम मानी मुख्य मार्ग पर सड़क के दोनों ओर व घरों के सामने कोयला ट्रांसपोर्ट में लगे ट्रकों के बेतरतीब तरीके से खड़ा होने पर राहगीर सहित क्षेत्र के लोग परेशान है। आलम यह है कि सड़क पर ट्रकों की लंबी कतारे लग जाती है जिससे न सिर्फ राहगीरों को आवागमन में परेशानी होती है बल्कि हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। कुछ साल के भीतर ही एसईसीएल के आमगांव ओसीएम व गायत्री खदान से जिस तरह से बड़े पैमाने पर कोयला उत्पादन हो रहा है उसी तरह ट्रांसपोर्ट के लिए ट्रकों की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है। ऐसे में ट्रकों के सड़क किनारे बेतरतीब तरीके से खड़ा करने पर हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। ट्रकों के गलत तरीके खड़ा करने पर क्षेत्र के लोगों में काफी आक्रोश है और आंदोलन करने की तैयारी में है।

**खास बात**
- शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के आमगांव ओपन कास्ट और गायत्री भूमिगत खदान कोयला उत्पादन को लेकर पूरे एरिया में सबसे टॉप में है जो अपने निर्धारित मात्रा से अधिक उत्पादन की क्षमता रखती है। जैसे जैसे उत्पादन क्षमता बढ़ा है वैसे ही कोयला वाहनों की संख्या बढ़ गई है। एसईसीएल के आमगांव ओसीएम व गायत्री खदान में बड़े पैमाने में कोयला उत्पादन हो रहा है, जिसका ट्रांसपोर्ट ट्रकों के माध्यम से किया जा रहा है जिससे सैकड़ों की संख्या में ट्रक ट्रांसपोर्ट कार्य में लगी हुई है। कोयला ट्रांसपोर्टरों का निवास मानीचौक में होने के कारण सभी कोयला वाहनों को मानीचौक बुलाकर सड़क में कई घंटे तक खड़ा करने के बाद तिरपाल लगाना, सेफ्टी सील लगाना, साथ में डीओ, टीसी, विल्टी पेपर बनाने का कार्य करते है जिस कारण राहगीर सहित ग्रामीणों को सड़क पर आवागमन करने से काफी परेशानी होती है। सड़क के दोनों ओर खड़े वाहनों के पीछे से अगर कोई अचानक सामने आ जाए तो बड़ी घटना हो सकती है। वही सड़क में आमने सामने वाहन के भिड़ंत होने आवागमन घंटो बाधित हो जाती है जिससे राहगीर परेशान होते हैं।



सड़क किनारे बेतरतीब खड़े वाहन।

### ट्रांसपोर्टरों के खिलाफ चलाएंगे अभियान

पूर्व जनपद सदस्य बोधन सिंह पोर्ते ने बताया कि ट्रक वालों का जो हाल है उससे ग्रामीणों नाराजगी है जिससे एक दिन मनमानी कर रहे ट्रांसपोर्टरों के खिलाफ अभियान छेड़ेंगे। साथ ही एसईसीएल प्रबंधन से शिकायत कर कार्रवाई करने की मांग की जाएगी। पूर्व में भी कई बार गाड़ियों को चौक से हटाने का मुहिम चला चुके जिसके विरोध में कई बार ट्रांसपोर्टर और ग्रामीणों का झड़प भी हो चुका है। इसके बाद भी ट्रांसपोर्टर अपनी मनमानी से बाज नहीं आ रहे है।

### देते है वाहन पार्किंग चार्ज

सड़क पर वाहन खड़ा न हो इसके लिए गायत्री खदान के सामने वाहन पार्किंग बनाया गया है। ट्रक चालक भी बकायदा पार्किंग का पैसा देते है परंतु पार्किंग में वाहन खड़ा करने के बजाय सड़क किनारे खड़ा करते है। ग्रामीणों का कहना है की सभी ट्रक वाले सौ रुपए पार्किंग चार्ज गायत्री खदान के सामने देते है तो उन्हें वाहन वहीं खड़ा करना चाहिए जिससे सड़क पर वाहनों की कतार नहीं लगेगी। निश्चित स्थान पर गाड़ी खड़ी कर कागजात तैयार करे और जहां का कोयला लोड है उसे रवाना कर देना चाहिए जिससे खाली जगह पर दूसरी वाहन खड़ा हो सके। ऐसे में व्यवसाय का दुकान प्रभावित नहीं होगा। लेकिन चालक दुकान समीप वाहन खड़ी कर घंटो गायब रहते है जिसके छोटा व्यवसायी परेशान है।

### की जाएगी कार्रवाई

लोकसभा चुनाव में सभी कर्मचारी व्यस्त है जिससे स्टाफ की कमी है। चुनाव के बाद मानीचौक के समीप बेतरतीब खड़े वाहनों पर कार्रवाई की जाएगी।

**बृज किशोर पाण्डेय**
यातायात प्रभारी सूरजपुर



## परिचारिका दिवस पर नर्सों वार्ड आया का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

विश्व परिचारिका दिवस के अवसर पर भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ बिश्रामपुर क्षेत्र द्वारा एसईसीएल केंद्रीय चिकित्सालय बिश्रामपुर में सभी परिचारिकाओं (नर्सिंग बहन व भाई) के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में चिकित्सालय के सभी नर्स और वार्ड आया का क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं द्वारा स्मृति चिन्ह देकर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय मुख्यालय के अध्यक्ष अभय सिंह, सचिव एसपी चतुर्वेदी, महिला प्रतिनिधि साधना मिश्रा, नीलम मिश्रा एवं क्षेत्र के सरोज सिन्हा, मनोज कंगाली, सेनापति प्रधान, राजेश बिठालकर, अरविंद सिंह, अशोक सिंह, राजेंद्र प्रधान व अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन राजेश सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बिश्रामपुर संगठन के सुजीत सिंह, केंद्रीय चिकित्सालय के प्रभारी डॉ. बीएन सिंह, प्रभारी मैट्रन रेचल वर्गीस मुख्य रूप से उपस्थित थे।



बैठक में शामिल समाज के लोग।

## केनापारा में मधेशिया वैश्य समाज की हुई संभाग स्तरीय बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

बाबा गणीनाथ मंदिर भवन केनापारा में मधेसिया वैश्य समाज की संभाग स्तरीय बैठक संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष हरेराम गुप्ता ने की,साथ ही प्रांतीय महामन्त्री दिनेश कुमार गुप्ता अंबिकापुर, कोषाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता, विशिष्ट अतिथि के रूप में हीरोज गुप्ता भिलाई, राममिलन गुप्ता भिलाई के साथ कोरिया, मनेन्द्रगढ़, बलरामपुर, सरगुजा एवं सूरजपुर जिला के जिला स्तरीय सामाजिक संगठन के विभिन्न पदाधिकारियों एवं सदस्यों की उपस्थिति में यह बैठक संपन्न हुई। पूर्वकालिक जिला संगठनों के कार्यकाल समाप्ति पर सभी पदाधिकारियों को उनके सामाजिक योगदान हेतु सादर धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उक्त जिला संगठनों का निर्वाचन प्रांतीय अध्यक्ष के नेतृत्व में संपन्न हुआ।नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारियों को उनके कार्यकाल के लिए बधाई ज्ञापित करते हुए आगामी कार्यकाल में समाज के लिए महत्वपूर्ण कई विषयों पर चर्चा की गई। उक्त बैठक में मध्यप्रदेश के शहडोल अनुपपुर से लेकर मनेन्द्रगढ़, कोरिया, सूरजपुर, सरगुजा एवं बलरामपुर जिला तक के कई सामाजिक पदाधिकारी उपस्थित रहे और निर्वाचन एवं बैठक को सफल बनाया। कार्यक्रम के अंत में सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों द्वारा सामाजिक प्रतिष्ठा एवं समुचित विकास का ध्यान रखते हुए नवीन ऊर्जा के साथ अपने प्रांतीय/आंचलिक नेतृत्व के मार्गदर्शन में निरन्तर आगे बढ़ते रहने के साथ आगामी कार्यकाल में समाज को एक नई दिशा ,ऊंचाई और नया आयाम देने की शपथ लेकर बैठक संपन्न हुई।

## धूमधाम से मना भगवान परशुराम का जन्मोत्सव





हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा शुक्रवार को भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर समाज द्वारा शुक्रवार को गांधी चौक स्थित दुर्गा मंदिर से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के पूर्व गुरुवार को विधि विधान से राम चरित्र मानस का अखंड पाठ प्रारंभ किया गया। रामायण पाठ की पूर्णाहुति शुक्रवार को की गई। भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर दुर्गा मंदिर से शोभा यात्रा निकाली गई जो गांधी चौक, घड़ी चौक, महामाया चौक, गुरूनानक चौक, लरंग साय चौक भ्रमण करते हुए केना बांध स्थित भगवान परशुराम मंदिर पहुंच कर समाप्त हुआ। इस दौरान मंदिर में पूजा, हवन, आरती पश्चात प्रसाद का वितरण भंडारे का आयोजन किया गया। समारोह में विप्र समाज के मेघावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया गया। इस बीच शोभा यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। शोभा यात्रा में विप्र समाज के पुरुष, महिला व युवा बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस दौरान समाज के संरक्षक सत्येंद्र तिवारी, द्वितेन्द्र मिश्रा, रविन्द्र तिवारी, विकास पांडेय, संतोष उपाध्याय, सर्वजीत पाठक, एमबी पाण्डेय, रूपेश दुबे, अभिषेक शर्मा, अनिमेष शर्मा, सतीश चंद्र मिश्र, मनीष मिश्रा, डॉ. एके दुबे, सार्थक पाठक सहित समाज के अन्य लोग उपस्थित थे।

- निकाली गई भव्य शोभा यात्रा

### हाइवा की चपेट में आने से ग्रामीण की मौके पर मौत

**अम्बिकापुर।** शहर से भिक्षाटन कर पैदल घर जा रहे ग्रामीण को पीछे आ रहे हाइवा के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में वाहन की चपेट में आने से ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई। शहर से लगे ग्राम केपी बाबूपारा निवासी बंधु गिरी आ. स्व. पहटिया गिरी (75 वर्ष) शनिवार की शाम शहर से भिक्षाटन कर पैदल घर जा रहा था। जैसे ही ग्राम हसूली के समीप पहुंचा तभी शहर की ओर से राजपुर की ओर जा रहे हाइवा क्रमांक सीजी 15 डीजे 4125 का चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना वाहन की चपेट में आने से ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

### शिशु मंदिर ने जारी किया परीक्षा परिणाम, छात्राओं ने लहराया परचम



**अंबिकापुर।** सरस्वती शिशु मंदिर देवीगंज द्वारा सत्र 2023 24 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इसमें बालिकाओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। परीक्षाओं में बेहतर रपदर्शन करने वाले छात्राओं का शिक्षकों द्वारा उत्साहवर्धन किया गया और उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई। सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान समिति के उपाध्यक्ष अनिल सिंह मेजर, व्यवस्थापक बसन्त कुमार गुप्ता, व्याख्याता नेहा तिवारी मौजूद थे। अतिथियों ने सभी बच्चों का उत्साहवर्धन किया। परीक्षा में कक्षा 9वीं की छात्रा नेहा कुमारी 87 प्रतिशत, स्वाति मण्डल ने 85 प्रतिशत, सूरज कुमार ने 84.1 प्रतिशत, कक्षा 11 वीं जीव विज्ञान एवं गणित विषय से अध्ययनरत आकांक्षा जायसवाल ने 92 प्रतिशत, नेहा राजवाड़े ने 89.2 प्रतिशत, सायली मेढके 84.4 प्रतिशत, वाणिज्य कला संकाय से बॉबी सोनी ने 82.2 प्रतिशत, प्रतीक करियाम ने 81.6 प्रतिशत, साधना नेताम ने 79.4 प्रतिशत अंक पाकर उल्लेखनीय सफलता अर्जित की।


### नाबालिग किशोर ने की आत्महत्या

**बिश्रामपुर।** प्रेम प्रसंग में लिप्त होने के कारण एक युवक ने लाइव विडियो बनाकर फांसी लगा अपनी जान दे दी है। जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत महावीरपुर तेलईडबरा निवासी नाबालिग किशोर अखिलेश ठाकुर पिता गोपी उर्फ गोपाल ठाकुर का एक किशोरी के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। नाबालिग किशोर ने प्रेमिका से अपने साथ झारखंड चलकर साथ रहने की बात कही, जिस पर प्रेमिका द्वारा इंकार कर दिया गया। इसी बात पर क्षुब्ध होकर नाबालिग किशोर ने शनिवार की सुबह अपने घर के कमरे में लाइव विडियो बनाकर फांसी लगा अपनी जान दे दी है। परिजनों को घटना का पता चलने पर तत्काल उसे फांसी से उतारकर अंबिकापुर अस्पताल उपचार हेतु ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में अंबिकापुर पुलिस ने मर्ग कायम कर अग्रिम कार्यवाही हेतु केस को जयनगर थाना भेज रही है।




























12 Ambikapur-BHOOMI-pg 4-0_Layout 1 5/12/2024 10:39 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### ओपीएस के यश को राष्ट्रीय ताइक्वांडो में मिला गोल्ड मेडल

**अम्बिकापुर।** ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल में कक्षा 12वीं के विद्यार्थी यश कथूतिया आ.एसके कथूतिया ने दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय ताइक्वांडों



चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक प्राप्त कर सरगुजा संभाग को गौरवान्वित किया है। यश का चयन ताइक्वांडो टीम के 17 वर्ष आयु वर्ग के 63 किलो भार वर्ग में किया गया था। दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में 27 मई से 30 मई तक आयोजित स्पर्धा में यश ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल जीता। इसके पूर्व यश ने राज्य स्तरीय स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल करने के साथ ही राष्ट्रीय सीबीएसई ताइक्वांडो स्पर्धा में भाग लिया था। उसने स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित सलेक्शन ट्रायल में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। यश की इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ.आईए खान सूरी ने उसे शुभकामनाएं दी है।

### भाजयुमो जिलाध्यक्ष लोस चुनाव में झारखंड की मिली जिम्मेदारी

**अंबिकापुर।** प्रदेश में लोकसभा का चुनाव संपन्न होने के बाद भाजपा संगठन ने दूसरे राज्यों में चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी स्थानीय नेताओं को दी है। इसी



क्रम में सरगुजा के भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर को झारखंड लोकसभा चुनाव के अंतर्गत कोडरमा लोकसभा के धनवार विधानसभा के प्रभारी के रूप में चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह महत्वपूर्ण इसलिए भी है क्योंकि कोडरमा लोकसभा की प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी हैं तथा धनवार विधानसभा के विधायक भाजपा झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी है उक्त लोकसभा का मतदान 20 मई को होना है। शनिवार देर शाम तक सभी भाजपा पदाधिकारी अपने प्रभार क्षेत्र में पहुंच गए है।

### पीईकेबी खदान को मिला ओपन कास्ट कोल खदानों में पांच सितारा का खिताब

**अम्बिकापुर।** कोयला मंत्रालय द्वारा खदानों के संचालन प्रणाली, पर्यावरण सुरक्षा व सुरक्षा इंतजामों तथा नए उपकरणों के उपयोग इत्यादि कठिन मापदंडों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पीईकेबी ओपनकास्ट कोयला खदान को लगातार चौथे साल में भी पांच सितारा खदान के खिताब से नवाजा गया है। उदयपुर ब्लॉक की पीईकेबी कोयला खदान ने ओपन कास्ट कोयला खदानों के अनुभागों में पांच सितारा सम्मान पिछले चार सालों से लगातार मिलने से छत्तीसगढ़ में नया रिकार्ड कायम किया है। राजस्थान के निगम की इस खदान से राज्य की 4340 मेगावाट क्षमता की तापीय विद्युत परियोजनाओं को कोयले की आपूर्ति की जाती है जिससे आठ करोड़ उपभोक्ताओ को सस्ती और निरंतर बिजली मिल पा रही है। भारत सरकार के कोयला मंत्रालय द्वारा आयोजित और राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के मार्गदर्शन में खदानों को पांच सितारा रेटिंग के लिए बेहद सख्त सात मॉड्यूलों में खुली खानों और भूमिगत खानों के मूल्यांकन पैरामीटर विनिर्दिष्ट किए गए हैं।

### अज्ञात लोगों ने बारातियों से की मारपीट, जांच में जुटी पुलिस



**सूरजपुर।** देवीपुर जंगल में शनिवार की रात अज्ञात लोगों ने बारातियों का रास्ता रोक जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित बारातियों ने घटना की शिकायत थाने में की है। जानकारी के अनुसार ग्राम लांच निवासी दर्जनभर ग्रामीण देवीपुर गांव में शादी कार्यक्रम में आए थे। शादी में शामिल होने के बाद सभी वापस घर जाने लौटने लगे। जैसे ही बाराती देवीपुर जंगल के समीप पहुंच तभी अज्ञात युवकों ने बारातियों का रास्ता रोक मारपीट करना शुरू कर दिया। अचानक मारपीट करने से अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई और बारातियों ने भाग कर अपनी जान बचाई। मारपीट से महिला, बच्चे व वाहन सवार अन्य लोग घायल हो गए। इधर पीड़ितों ने कोतवाली पहुंच घटना की शिकायत पुलिस से की। पुलिस मारपीट में शामिल तीन आरोपियों की पहचान कर लिया है और उनके विरूद्ध अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## बिना पुलिस व प्रशासनिक टीम के ही उड़न दस्ता को भेजा गया कार्रवाई करने

# निगमकर्मियों पर हमले के लिए भीड़ को उकसाया, फिर की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान निगम कर्मियों से मारपीट के मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर लिया है।

**खास बात**

- पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ दर्ज किया अपराध

पुलिस ने शिकायत के बाद देर रात तीन लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है लेकिन इस घटना ने निगम प्रशासन की लापरवाही को भी उजागर कर दिया है। कार्रवाई करने गई निगम की टीम के साथ कोई पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद नहीं था और निगम की उड़न दस्ता टीम अकेले ही अतिक्रमणकारियों से निपट रही थी। वहीं अतिक्रमण की कार्रवाई का दोनों दलों के पार्षद ही विरोध कर रहे थे जबकि निगम के सदन में सभी ने सर्व सम्मति से यह सहमति दी थी कि अतिक्रमण करने वालों का कोई भी पार्षद समर्थन नहीं करेगा और निगम टीम को अपनी कार्रवाई करने देगा। बता दें कि शनिवार को नगर निगम की टीम गांधीनगर में डेयरी फार्म रोड में चल रहे अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए पहुंची थी। गांधीनगर में राजेश गुप्ता द्वारा अवैध रूप से नजूल भूमि पर अतिक्रमण किया जा रहा था और क्षेत्र के भ्रमण पर पहुंचे निगम कमिश्नर ने अतिक्रमण देखकर कार्रवाई के निर्देश निगम की उड़न दस्ता टीम को दिए थे। निगम की टीम अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई कर राजेश गुप्ता के दो ट्रैक्टर रेत, दो ट्रैक्टर गिट्टी, सीमेंट जब्त किया। निगम की कार्रवाई का क्षेत्र में मौजूद भाजपा कांग्रेस के पार्षद विरोध कर रहे थे इसी बीच मिक्शर मशीन का चालक मशीन को लेकर भाग रहा था जिसे रोकने के लिए निगम के कर्मचारी दौड़े तो अतिक्रमण कर रहे दिनेश गुप्ता, उमेश गुप्ता, छोटू व अन्य ने निगमकर्मियों पर हमला कर दिया और विजय कश्यप व कपिल सिंह के साथ मारपीट की। आरोप है कि मारपीट से पहले दिनेश गुप्ता व उमेश गुप्ता द्वारा वार्ड के लोगों को मारपीट के लिए उकसाया गया। इतना ही नहीं उन लोगों को पुनः कार्रवाई के लिए आने पर भी जान से मारने की धमकी दी गई। इस घटना के बाद निगम प्रशासन में हड़कंप मच गया। निगम कर्मियों द्वारा घटना की जानकारी गांधीनगर थाने में दी गई और घंटों चले नाटकीय घटनाक्रम के बाद अंततः निगम कर्मियों की शिकायत के बाद दिनेश गुप्ता, उमेश गुप्ता, छोटू व अन्य के खिलाफ धारा 186, 353, 332, 34 का अपराध दर्ज किया गया।



थाने के बाहर शिकायत दर्ज कराने पहुंचे निगमकर्मी।

### नहीं थी कोई सुरक्षा, बड़ी लापरवाही उजागर

आम तौर पर निगम की कार्रवाई के दौरान पुलिस व प्रशासन की टीम भी साथ में रहती है। कार्यपालिक दंडाधिकारी व पुलिस टीम के मौजूद रहने से निगम की कार्रवाई आसानी से हो जाती है लेकिन शनिवार को निगम टीम को कोई भी सुरक्षा नहीं दी गई थी। बताया यह भी जा रहा है कि कार्रवाई के दौरान तनाव के स्थिति की जानकारी भी गई थी लेकिन किसी ने उन्हें पुलिस टीम उपलब्ध नहीं कराई जो एक बड़ी लापरवाही है। हाल ही में शहर के उर्सू लाइन में भी अवैध रूप से अतिक्रमण करने व ढलाई करने का मामला सामने आया। इसमें भी जो जानकारी सामने आई है उसके अनुसार देर रात तक निगम की टीम ने अतिक्रमण रुकवाया और तीन बजे के बाद पुनः अतिक्रमण शुरू कर दिया गया। ऐसे में बड़ा सवाल यही है कि निगम की टीम रात के अंधेरे में अकेले अतिक्रमण रुकवाने का कार्य कैसे कर सकती है।

### पार्षदों ने सदन में दी थी सहमति

शहर में अतिक्रमण की कार्रवाई को लेकर काफी हंगामा होता है। पक्ष विपक्ष के पार्षद अतिक्रमण को लेकर एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाते है। ऐसे में हर बार यह तय किया जाता है कि निगम की कार्रवाई के दौरान कोई भी जनप्रतिनिधि निगम की कार्रवाई में हस्तक्षेप नहीं करेगा और ना ही अतिक्रमणकारियों का समर्थन करेगा लेकिन शनिवार को भाजपा-कांग्रेस के पार्षद कार्रवाई का विरोध कर रहे थे जबकि उन्हें अपनी निगम की टीम के साथ खड़ा रहना था। कार्रवाई के दौरान भाजपा के एक पूर्व व एक वर्तमान पार्षद व कांग्रेस के एक पार्षद का समर्थन भी अतिक्रमण कर रहे लोगों को मिलने की बात कही जा रही है हालांकि एफआईआर में किसी का नाम शामिल नहीं किया गया है।

### बेखौफ हो रहा अतिक्रमण

शहर में अतिक्रमणकारियों के हौसले भी बुलंद है। शहर के शासकीय जमीनों पर धड़ल्ले से अवैध निर्माण कर अतिक्रमण किया जा रहा है। निगम की टीम कुछ मामलों में कार्रवाई भी करती है लेकिन ज्यादातर स्थानों पर अतिक्रमण को समय रहते नहीं रोका जा रहा है। आधे से अधिक निर्माण होने के बाद कार्रवाई हो पाती है। निगम प्रशासन भी अतिक्रमण को लेकर योजना बनाकर काम नहीं कर रहा है यही वजह है कि कार्रवाई के बाद भी अतिक्रमण करने का सिलसिला जारी है।

### घटना निंदनीय

यह घटना बेहद निंदनीय है। इस तरह की घटना बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ निगम की कार्रवाई भी लगातार जारी रहेगी।

-डॉ. अजय तिर्की, महापौर

### कराया गया है अपराध दर्ज

अतिक्रमण पर कार्रवाई के दौरान निगम कर्मियों से मारपीट करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। हमारी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

-प्रकाश राजपूत
कमिश्नर ननि



## हैंडपंप स्थापित किया लेकिन पानी निकासी के लिए नहीं बनाई नाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

- गंदा पानी सड़क पर हो रहा जमा, बढ़ी लोगों की परेशानी

सार्वजनिक उपयोग के लिए हैंडपंप तो लगा दिया गया लेकिन निकले वाले पानी की निकासी की व्यवस्था नहीं की गई। ऐसे में आलम यह है कि जिला अस्पताल के ठीक सामने चारों ओर कीचड़ व गन्दगी का आलम है और लोग बदबू से परेशान है। हैरानी की बात तो यह है कि नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाए जाने का दावा किया जाता है लेकिन नगर के बीच अस्पताल के सामने पसरी गंदगी को लेकर अधिकारी गंभीर नहीं है।

दरअसल नगर में स्थित जिला अस्पताल के सामने एक हैंडपंप की स्थापना की गई है। इस हैंडपंप का उपयोग अस्पताल में आने वाले लोग करते है। बाहर से आने वाले लोग इस हैंडपंप का पानी स्नान करने, कपड़े धोने व अन्य कार्यों के लिए करते है। ऐसे में बड़ी मात्रा में पानी सड़क पर आता है। हैरानी की बात तो यह है कि हैंडपंप की स्थापना मुख्य मार्ग के किनारे तो कर दी गई लेकिन इससे निकलने वाले पानी की निकासी के लिए नाली का निर्माण नहीं किया गया। ऐसे में गन्दा पानी सड़क पर आकर जमा हो रहा है और चारो ओर गंदगी फैल रही है। कीच व जाम पानी के कारण आस पास के लोग बदबू से परेशान है। हैंडपंप से 100 मीटर की दूरी पर नगर पालिका का कार्यालय, 200 मीटर की दूरी पर ग्राम पंचायत कार्यालय व दूसरी तरफ स्वामी आत्मानंद विद्यालय मौजूद है। ऐसे में जाम पानी के कारण आने जाने वाले लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार तेज रफ्तार गाड़िया सड़क पर जमे पानी व कीचड़ को राह चलते लोगों पर उड़ाकर चली जाती है। इसी मार्ग से जिले के आला अधिकारी भी गुजरते है लेकिन किसी ने भी इस समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि प्रशासन चाहे तो पानी निकासी की व्यवस्था की जा सकती है और नाली निर्माण होने से लोगों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। हालांकि जिला अस्पताल ग्राम पंचायत क्षेत्र में मौजूद है ऐसे में ग्राम पंचायत भी इस दिशा में पहल कर सकता है क्योंकि नल के अगल-बगल दोनों तरफ नालियां बनी हुई है लेकिन सभी एक दूसरे विभाग को जिम्मेदार ठहरा रहे है।

इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रणव राय ने कहा कि इस विषय में मुझे जानकारी नहीं थी। अगले कार्य दिवस में व्यवस्था को दुरुस्त करने का कार्य किया जाएगा।

## वन विभाग की टीम ने कुएं के गिरे हिरण की रेस्क्यू कर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज



वाड्रफनगर वन परिक्षेत्र में जंगल से भटक कर एक हिरण गांव में पहुंच गया। इस दौरान हिरण गहरे कुएं में जा गिरा। इधर स्थानीय ग्रामीणों ने कुंए में गिरे हिरण को देखा तो तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के मदद से हिरण का रेस्क्यू कर उसे कुएं से बाहर निकाला और हिरण का इलाज करने के पश्चात सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया गया है। वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों की मदद से कुएं में उतरकर हिरण को रस्सी से बांधा जिसके बाद हिरण को बाहर निकाला गया। रस्सी बांधने के कारण हिरण का वन विभाग द्वारा इलाज कराया गया।

## रेल्वे गुड शेड में एक ही समय पर खाद व जूट बारदाना अनलोडिंग होने से ठेकेदार परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- रेलवे प्रबंधन पर ठेकेदार ने लगाया मनमानी करने का आरोप
- अतिरिक्त डैमरेज पेनाल्टि शुल्क भरने का ठेकेदार को सता रहा डर

संभाग के इकलौते गुड शेड में खाद व वारदाना का रैक आगे पीछे कुछ अंतराल में अनलोडिंग के लिए रैक को प्लेस करने से बारदाना व यूरिया खाद परिवहनकर्ता ठेकेदारों के लिए परेशानी खड़ी हो गई है। एक प्लेट फार्म पर जहां यूरिया पहले से उतार कर रखी गई है ,वहीं खाद के उठाव पूरा होने से पूर्व बारदाना का रैक प्लेस कर देने से रविवार को आपाधापी की स्थिति निर्मित हो गई। गौरतलब है कि रैक के गुड शेड में प्लेस हो जाने के बाद संबंधित ठेकेदार को पांच घंटे के भीतर उक्त रैक खाली करानी होती है और यदि तय समय पर अनलोडिंग नहीं होने पर ठेकेदार से अतिरिक्त समय का दस हजार रुपए प्रति घंटा रेलवे डैमरेज चार्ज के रूप में वसूलती है।यही हाल रैक खाली होने के बाद प्लेटफार्म में समान रखने का चार्ज है।

यहां भी तय समय पर प्लेटफार्म से माल उठाव नहीं होता है तो वॉरफेज चार्ज के रूप में रेलवे संबंधित ठेकेदार से प्रतिघंटा के दर से अतिरिक्त पेनाल्टी वसूलती है।प्राप्त जानकारी अनुसार शनिवार को बिश्रामपुर रेलवे स्टेशन के गुड शेड में सुबह डीजी ट्रांसपोर्ट बिलासपुर, शंकर ट्रेडिंग अंबिकापुर व वी मुदडा रायपुर के 21 वेगन खाद की रैक आई थी, जिसे अनलोडिंग के लिए प्लेस करा दिया गया। रैक खाली होने के कुछ समय बाद बैली बैकस कलकत्ता की 18 वेगन जुट (बारदाना) की रैक को भी गुड शेड में ही अनलोडिंग के लिए प्लेस करा दिया गया,जबकि गुडशेड प्लेटफार्म खाद के बोरों से भरा पड़ा था। ऐसी स्थिति में यहां पर स्थान के अभाव में ठेकेदार को वारदाना के वेगन को खाली कराने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ठेकेदार का कहना है कि खाद का उठाव न होने व स्थान के अभाव में जुट बारदाना के उठाव में दिक्कत आ रही है। आरोप यह भी है कि रेलवे प्रबंधन की मनमानी की वजह से ठेकेदार को यहां पर अब जीएसटी सहित 9270 रुपए का प्रति घंटा के हिसाब से डैमरेज पेनाल्टी शुल्क भरने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। इस संबंध में रेलवे सीनियर जनसंपर्क अधिकारी अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि मुझे इस तरह की अब तक कोई शिकायत या जानकारी नहीं मिली है। यदि रेलवे प्रबंधन की लापरवाही से ठेकेदार को डेमरेज नुकसान उठना पड़ गया तो संबंधित ठेकेदार द्वारा संबंधित रेलवे स्टेशन प्रबंधन के साथ बिलासपुर मुख्यालय कार्यालय में शिकायत कर सकता है। शिकायत पर संबंधित रेलवे प्रबंधन की लापरवाही पाए जाने की स्थिति में ठेकेदार के डेमरेज शुल्क को कम करने या माफ कराए जाने की प्रक्रिया प्रारम्भ हो सकती है।



## बाइक भिड़ंत में एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

ऊंचडीह रेलवे फाटक के समीप दो बाइक में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। दोनों बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई। घायल युवक का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है।

जानकारी के अनुसार बसदेई चौकी अंतर्गत ऊंचडीह रेलवे फाटक के समीप दो बाइक की आमने सामने टक्कर हो गई। जहा एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। राहगीरों ने जब मृत युवक को रोड पर पड़ा देखा तो उसे वाहन से जिला अस्पताल लेकर गए तो चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। अज्ञात युवक की पहचान रमेश कुमार सिंह के नाम से हुआ जो की विश्रामपुर जिला अस्पताल में पदस्थ था। वहीं दूसरे बाइक सवार की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां घायल का उपचार जारी है।



### पंडोनगर उचित मूल्य दुकान से चोरों ने पार किया खाद्यान्न

**बिश्रामपुर।** ग्राम पंचायत पंडोनगर स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान में अज्ञात चोरों द्वारा खाद्यान्न की चोरी कर ली गई है। जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पंडोनगर में संचालित उचित मूल्य दुकान में गत दिनों दुकान के दरवाजे का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने दुकान में रखे छह बोरी चावल व तीन बोरी शक्कर को पार कर दिया। मामले की लिखित शिकायत पंडोनगर सरपंच व दुकान संचालक द्वारा जयनगर थाना में दे दी है। सूचना पर पुलिस द्वारा आरोपियों की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## हेल्थ प्लस

### बीमारी का कारण खत्म करती है हौम्योपैथी चिकित्सा : डॉ.द्ववेदी

**अम्बिकापुर।** बृज होम्योपैथिक क्लिनिक के संचालक एवं संभाग के प्रथम एमडी होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. एएन द्ववेदी ने बताया कि होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति प्राकृतिक एवं प्राचीन चिकित्सा पद्धति है जो



200 साल पुरानी एवं सटिक सिद्धांतों पर चलने वाली चिकित्सा पद्धति है। इसमें इलाज की विचारधारा मॉडर्न मेडिसिन सिस्टम से पूरी तरह अलग है। होम्योपैथी चिकित्सा के अनुसार शरीर में खुद को ठीक करने की क्षमता होती है और बीमारी से होने वाले लक्षण वास्तव में शरीर द्वारा फिर से स्वस्थ होने के लिए किया गया प्रयास है। इस चिकित्सा में इलाज भी अलग विचार पर आधारित होता है। होम्योपैथी चिकित्सा प्रणाली का इस्तेमाल स्वास्थ्य को बनाए रखने और दीर्घकालिक रोगों का इलाज करने हेतु किया जाता है। होम्योपैथी दवाओं का इस्तेमाल मुख्य रूप से पुराने वात रोग, त्वचा रोग, बवासीर, पथरी इत्यादि में ज्यादा उपयोग में लिया जाता है। होम्योपैथिक चिकित्सा प्रणाली में न सिर्फ रोगों का इलाज किया जाता है बल्कि इसके कारण को भी जड़ से खत्म किया जाता है। होम्योपैथी दवाओं का कोई दुष्प्रभाव नहीं है तथा यह सभी उम्र के लोगों के लिए सुरक्षित है। होम्योपैथी दवाओं का सेवन करने से रोगप्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है।

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
MRM HOSPITAL Caring for You
TEJ Tej Diagnostic Group
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ

डॉ. मोहित गुप्ता
MD (Medicine), मधुमेह एवं ह्रदय रोग विशेषज्ञ सामान्य एवं जटील रोग विशेषज्ञ

डॉ. हेमन्त कुमार बी
MBBS, DCH, DNB
शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ किम्स हॉस्पिटल, आंध्रप्रदेश

डॉ. पूजा प्रजापति
MBBS, DNB (OBGY & Gynae-दिल्ली), FMAS-Jaypee Hospital-नोएडा
MRCOG (1) U.K., Ex. Sr. Dr. CIMS, बिलासपुर,
Ex. Sr. Dr. JK Hospital- भोपाल, Ex. Spl (Obs & Gyn) NHM रायपुर
स्त्री, प्रसुति एवं बांझपन रोग विशेषज्ञ

डॉ. आशीष कुमार जायसवाल
एम.डी. फिजीशियन

डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय
MBBS, DNB Ortho हड्डी रोग विशेषज्ञ

डॉ. मनोज भारती
MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर, हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ

मनोचिकित्सक एवं यौन रोग विशेषज्ञ

सौंदर्य बालों एवं चर्म रोग के विशेषज्ञ

डॉ. सुरभि
BDS, MDS (Oral Medicine & Radiology) दंत एवं मुख विशेषज्ञ

डॉ. हिमांशु गुप्ता
MD ONCO कैंसर रोग विशेषज्ञ

डॉ. विकास गुप्ता
MBBS, D-Ortho अस्थि रोग विशेषज्ञ

डॉ. जी के दामले
MS, ENT, नाक कान गलारोगों के वरिष्ठ अनुभवी विशेषज्ञ

डॉ. संदीप गुप्ता
MBBS, DCH मुंबई, शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
भूतपूर्व चिकित्सक वाडिया चाईल्ड हॉस्पिटल मुंबई

डॉ. प्रवीन कुमार सिंह
MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ

आडियोलॉजिस्ट & स्पीच थैरेपिस्ट

फिजियोथैरेपी एवं नैचुरोपैथी

अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
07774-222555, 9425583780, 9826183780
8224007799, 8718003300, 6262639090

आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
स्पेशल ट्रेन से 08 जून से 14 जून 2024
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है....
सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार,मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+5% GST)
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

Rahul Travels
One Way Taxi Pvt Ltd
TODAY OFFER
50% Discount on One Way Taxi

| AmbikapurTo | Zest | Swift | Crysta | Today Offer |
|---|---|---|---|---|
| Raipur Airport/ Banaras/Bhilai | 4999 | 5999 | 7999 | 2999 |
| Bilaspur/Anuppur/Korba | 2999 | 3999 | 4999 | 1999 |
| Jabalpur/ Prayagraj Rewa/ Satna | 7999 | 9999 | 11999 | 4999 |

RAHUL TRAVELS
One Way Taxi Pvt Ltd
Scan And Book
9926411411
*T&C Apply
RAIPUR : Near Raipur Airport , Mana Camp